# 12 कैसे-कैसे बाँटे?


0326CH12

हर समूह में कितने हैं?



- यहाँ पर 10 तितलियाँ हैं।
  वे 2 समूहों में बँटी हैं।
  हर समूह में 5 तितलियाँ हैं।


© NCERT not to be republished



- यहाँ पर ___________ रेशम के कीड़े हैं।

  वे ___________ समूहों में बँटे हैं।

  हर समूह में ___________ रेशम के कीड़े हैं।



- यहाँ पर ___________ लड्डू हैं।

  वे ___________ समूहों में बँटे हैं।

  हर समूह में ___________ लड्डू हैं।

© NCERT not to be republished

◆ 18 तारे बनाओ।

उन्हें 2 बराबर समूहों में बाँटो।



हर समूह में ____________ तारे हैं।

◆ 18 मोती बनाओ।

उन्हें 3 बराबर समूहों में बाँटो।





हर समूह में ____________ मोती हैं।



© NCERT not to be republished

## दानों को बाँटो






माँ चिड़िया 12 दाने लेकर आई।

इन्हें बराबर-बराबर कैसे बाँटेंगे?

माँ चिड़िया ने हर छोटी चिड़िया को 1 दाना दिया।



उसके बाद माँ चिड़िया ने हर छोटी चिड़िया को 1 और दाना दिया।



अब हर छोटी चिड़िया के पास 2 दाने हैं। और कितने दाने बचे हुए हैं? ________

उसने हर छोटी चिड़िया के मुँह में 1 और दाना डाल दिया।

सभी दाने खत्म हो गए।



12 दाने 4 छोटी चिड़ियों में बाँट दिए गए यानि 12 के 4 भाग कर दिए गए।

हर छोटी चिड़िया को 3 दाने मिले।


$12 \div 4 = 3$

© NCERT not to be republished

***अब ज़रा यह करके देखो.........***


◆ गोपू के पास 3 प्लेट जलेबी हैं।

हर प्लेट में जलेबियों की संख्या अलग-अलग है।



प्लेट अ    प्लेट ब    प्लेट स

अब नीचे दी गई प्लेटों में जलेबी बनाओ इस तरह कि हर प्लेट में जलेबियों की संख्या बराबर-बराबर हो।



प्लेट अ    प्लेट ब    प्लेट स

कुल मिलाकर यहाँ पर कितनी जलेबियाँ हैं? __________


हर प्लेट में कितनी जलेबियाँ हैं? __________


कक्षा में चर्चा करो तुमने जवाब कैसे निकाला।

© NCERT not to be republished

## बराबर-बराबर बाँटो

◆ यहाँ पर छह केले हैं।






यहाँ पर तीन बंदर हैं।


अगर वे केलों को आपस में बराबर-बराबर बाँटते हैं तो हर बंदर को दो केले मिलेंगे।


6 केलों के 3 बराबर भाग = 2 केले हर भाग में

6 ÷ 3 = 2



अगर छह केले हों





और दो बंदर हों, तो

हर बंदर को तीन केले मिलेंगे।

छह केले ÷ 2 = 3 केले हर भाग में

6 ÷ 2 = 3



बच्चों को चीज़ों को आपस में बराबर-बराबर बाँटने और फिर भाग करने की इस क्रिया को शब्दों और अंकों में लिखने के लिए अवसर दें।

© NCERT not to be republished

अगर 60 केले हों और दो बंदर, तो हर बंदर को कितने केले मिलेंगे?

__________ केले।




◆ पाँच दोस्तों को सड़क पर पाँच रुपए के 10 सिक्के मिले।



उन्होंने इन सिक्कों को बराबर-बराबर बाँट लिया। हर दोस्त को दस रुपए मिले।

$50 \div 5 = 10$

अगर दस रुपए के 16 नोट हों और चार दोस्तों में बाँटना हो तब

$16 \div 4 =$ _______ और $4 \times 10 = 40$

इस तरह उनमें से हर दोस्त को ₹__________ मिलेंगे।

पाँच दोस्तों को 100 रुपए मिले। अगर वे इसे बराबर-बराबर भाग में बाँटते हैं तो उनमें से हरेक को कितना मिलेगा? __________




◆ हरि प्रसाद के पास 30 मीटर लंबी रस्सी है।

वह इसे अपने तीन बच्चों में बराबर-बराबर बाँटना चाहता है।

हर बच्चे को __________ मीटर लंबी रस्सी मिलेगी।

अगर 36 मीटर लंबी रस्सी हो तो हर बच्चे को कितनी रस्सी मिलेगी? __________


और अगर 60 मीटर लंबी रस्सी हो तो हर बच्चे को कितनी रस्सी मिलेगी? __________




not to be republished © NCERT

**अलमारी के कितने खाने?**

मेरे पास 20 किताबें हैं। मैं अलमारी के एक खाने में 5 किताबें रख सकता हूँ, तो बताओ कि मुझे इन सभी किताबों को रखने के लिए अलमारी में कितने खानों की ज़रूरत होगी?



पहले खाने में पाँच किताबों को रखने के बाद
15 किताबें बचीं।



दूसरे खाने में 5 और किताबें रखीं।
10 किताबें बचीं।



तीसरे खाने में 5 और किताबें रखीं।
5 किताबें बचीं।



चौथे खाने में 5 और किताबें रखने के बाद
20 किताबों से अलमारी के 4 खाने भर गए।

5-5 किताबों के समूह बनाने पर 20 किताबें
4 खानों में आ गईं।

इस पन्ने पर और अगले पन्ने पर बराबर-बराबर समूह बना कर भाग किया गया है। उदाहरण के लिए यहाँ पर 5 किताबों के बराबर समूह बनाए गए हैं। यह प्रकिया बराबर-बराबर बाँटने से अलग है (4 खानों में वितरित करके)।

© NCERT not to be republished

◆ अब चलो कुछ और काम करते हैं।

यहाँ पर 28 बटन हैं।



एक दर्ज़ी एक कमीज़ में 4 बटन लगाता है।

इन 7 कमीज़ों में बटन लगे हुए हैं।



28 ÷ 4 = 7


अगर 28 बटन हों और दर्ज़ी हर कमीज़ पर 7 बटन लगाए, तो ____________ कमीज़ों में बटन लगेंगे।

28 ÷ 7 = ____________

© NCERT not to be republished

## चलो कुछ काम करें

1. मिंकू के पास 15 लड्डू हैं और वह उन्हें 5 बक्सों में बराबर-बराबर रखती है।



अ) हर बक्से में कितने लड्डू होंगे?

हर बक्से में ___________ लड्डू होंगे।


15 ÷ 5 = ______

ब) अगर वह केवल 3 बक्सों का इस्तेमाल करती है तो हर बक्से में कितने लड्डू होंगे?

हर बक्से में ___________ लड्डू होंगे।

______ ÷ 3 = ______

2. तुम्हें 25 केलों को 5 बंदरों में बाँटना है। हर बंदर को कितने केले दोगे?



______ ÷ 5 = ______

हर बंदर को ___________ केले मिलेंगे।



© NCERT not to be republished

3. तुम्हें 12 गुब्बारों को 3 लड़कों में बाँटना है। हर लड़के को कितने गुब्बारे मिलेंगे?






______ ÷ ______ = ______

हर लड़के को __________ गुब्बारे मिलेंगे

4. यहाँ पर 21 मोमबत्तियाँ हैं। उन्हें 3 बक्सों में बराबर-बराबर रखना है। हर बक्से में कितनी मोमबत्तियाँ होंगी?




______ ÷ ______ = ______



not to be republished © NCERT


5. ये रहे 18 मोज़े।

इन मोज़ों को कितनी लड़कियाँ पहन सकती हैं?




6. राज के पास रोटी बनाने के लिए 36 मिनट हैं। एक रोटी बनाने में 3 मिनट लगते हैं। वह इतने समय में कितनी रोटियाँ बना सकता है?

वह इतने समय में ___________ रोटियाँ बना सकता है।




7. यहाँ पर बकरियों के पैरों के 24 निशान हैं।

अंदाज़ा लगाओ यहाँ कितनी बकरियाँ आई होंगी?



© NCERT not to be republished

8. कुछ लड़कियाँ अपने दोनों हाथों से कोई खेल खेल रही हैं।
खेलने वाली लड़कियों की कुल मिलाकर 60 उँगलियाँ हैं।
इस खेल को कितनी लड़कियाँ खेल रही हैं?




9. लक्ष्मी को 27 किलो आलू बेचने थे।
तीन आदमियों ने बराबर-बराबर मात्रा में आलू खरीदे।
हर आदमी ने ________ किलो आलू खरीदे।





© NCERT not to be republished

**कूदते-फाँदते जानवर**



एक मेंढक एक बार में 2 कदम कूदता है।



एक गिलहरी 3 कदम कूदती है।




एक खरगोश 5 कदम कूदता है।

एक घोड़ा 15 कदम कूदता है।



एक कंगारू 30 कदम कूदता है।




अगले पन्ने पर दिए गए रास्ते का इस्तेमाल करके पता करो कि

1. कितनी कूद लगाकर मेंढक 30 पर पहुँच जाएगा?

   30 ÷ 2 = _______

2. कितनी कूद लगाकर गिलहरी 27 पर पहुँच जाएगी?

   27 ÷ 3 = _______




3. कंगारू दो कूद लगाकर किस संख्या पर पहुँच जाएगा?

4. इनमें से कौन-कौन 15 की संख्या पर मिलेंगे?

   ________, ________, ________

5. क्या खरगोश कभी भी 18 की संख्या पर पहुँचेगा? ________

6. खरगोश की कितनी छलाँगें घोड़े की एक छलाँग के बराबर होंगी? ________

7. घोड़े की कितनी छलाँगें कंगारू की दो छलाँगों के बराबर होंगी?

8. सबसे छोटी कौन सी संख्या है जिस पर मेंढक और गिलहरी मिलेंगे?



© NCERT not to be republished

2022-23

## देखें तुम कितनी जल्दी कर लेते हो –

◆ 2 का पहाड़ा इस्तेमाल करो फटाफट भाग करो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 ÷ 2 | = | 9 | इशारा<br>2 × 9 = 18 |
| 18 ÷ 9 | = | 2 | |
| 16 ÷ 2 | = | | |
| 20 ÷ 2 | = | | |
| ÷ 2 | = | 7 | |
| ÷ 2 | = | 10 | |
| 8 ÷ | = | 4 | |
| ÷ 2 | = | 5 | |

◆ 5 का पहाड़ा इस्तेमाल करो फटाफट भाग करो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 ÷ 5 | = | | इशारा<br>5 × 2 = ? |
| 20 ÷ | = | 4 | |
| 15 ÷ 5 | = | | |
| 40 ÷ | = | 8 | |
| 20 ÷ 5 | = | | |
| ÷ 5 | = | 6 | |
| 25 ÷ 5 | = | | |
| ÷ 5 | = | 3 | |
| 35 ÷ 5 | = | | |
| ÷ 5 | = | 2 | |

◆ 10 का पहाड़ा इस्तेमाल करो फटाफट भाग करो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 ÷ 10 | = | | |
| 30 ÷ 10 | = | | |
| 40 ÷ 10 | = | | |
| 50 ÷ 10 | = | | |
| 40 ÷ | = | 4 | |
| ÷ 10 | = | 8 | |
| ÷ 10 | = | 5 | |
| ÷ 10 | = | 3 | |
| ÷ 10 | = | 2 | |
| 60 ÷ | = | 6 | |

बच्चों को इसके लिए प्रोत्साहित करें कि वे भाग देने के लिए मानसिक गणना के ज़रिए गुणा तथ्यों का प्रयोग करें।

© NCERT not to be republished


◆ इसे भी करो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 ÷ | = | 2 | | |
| 14 ÷ 7 | = | | | |
| 6 ÷ 3 | = | | | |
| ÷ 2 | = | 7 | | |
| ÷ 2 | = | 3 | | |
| 15 ÷ 3 | = | | | |
| 8 ÷ 4 | = | | | |
| 15 ÷ 5 | = | | | |
| 8 ÷ | = | 4 | | |
| ÷ 2 | = | 8 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 ÷ 3 | = | | |
| 18 ÷ 9 | = | | |
| ÷ 2 | = | 5 | |
| 20 ÷ 5 | = | | |
| 12 ÷ 4 | = | | |
| 20 ÷ 4 | = | | |
| 12 ÷ | = | 2 | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## प हे ली

इस घड़ी को तीन भागों में इस तरह बाँटो कि हर भाग में आने वाली संख्याओं का जोड़ बराबर हो।








© NCERT not to be republished